दिनांकः 30.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवाद को लोकतंत्र का अहम पहलू बताया।
- प्रदेश के नये पुलिस महानिदेशक के रूप में राजीव शर्मा के नाम पर राज्य सरकार की मुहर।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रदेश में कल से स्टॉप डायरिया कैम्पेन शुरू होगा–15 अगस्त तक चलने वाले अभियान के दौरान ओआरएस और ज़िंक गोलियों का वितरण किया जाएगा।
- राज्य के पूर्वी हिस्सों में कल से व्यापक बरसात के आसार–पश्चिमी राजस्थान में 2 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संवाद लोकतंत्र का अहम पहलू है। उन्होंने कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकता है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। श्री धनखड़ आज जयपुर के कॉन्सीटयूशन क्लब में पूर्व विधायक संघ की ओर से आयोजित स्नेह मिलन और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रतिपक्ष का बहुत बडा योगदान होता है। प्रजातंत्र में संवाद, वाद–विवाद और अभिव्यक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ बहस लोकतंत्र की पहचान है। दूसरे के मत को सुनना भी आवश्यक है। इससे लोकतंत्र सशक्त होता है और लोकतांत्रिक मूल्य समृद्ध होते हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में वाद–विवाद का गिरता स्तर चिंतनीय है ये हमारी हजारों साल की संस्कृति से मेल नहीं खाता।

...............

उपराष्ट्रपति ने आपरेशन सिंदूर के तहत किये गये निर्णय पर देश के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कड़ाई से जवाब देना जरूरी है। उन्होंने भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न दलों के सांसदों को विदेशों में भेजने के सरकार के फैसले को भी सराहा और कहा कि देश के बाहर राष्ट्र हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर किये गये फैसलों का सकारात्मक परिणाम होगा। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबको मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने पूर्व विधायकों से पेंशन और अन्य विकास मुद्दों पर तालमेल के साथ काम करने पर जोर दिया।

...............

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहे।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने पर जोर दिया है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ मंथन बैठक की। इसमें ग्रामीण वितरण सेवा को सशक्त बनाने के लिए दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और डेयरी तथा मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना पर भी विचार–विमर्श किया गया। इस योजना का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और किसानों को सशक्त करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 जुलाई से पांच देशों की यात्रा पर रवाना होंगे। श्री मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील तथा नामीबिया की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचेंगे। ये प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा होगी। श्री मोदी घाना के राष्ट्रपति से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच आपसी साझेदारी पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही निवेश, ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर भी बातचीत होगी।

राजीव शर्मा प्रदेश के नये पुलिस महानिदेशक होंगे। श्री शर्मा 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने उनके नाम पर मुहर लगाते हुए श्री शर्मा को रिलीव करने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा है। वे वर्तमान में नई दिल्ली में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डवलपमेंट के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने प्रदेश में विभिन्न पदों पर तथा दिल्ली सीबीआई में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वहीं कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा आज सेवानिवृत्त हुए। आरपीए में आयोजित समारोह में उन्हें परम्परागत रूप से विदाई दी गई। श्री मेहरडा ने डीजी इंटेलीजेंस संजय अग्रवाल को कार्यभार सौंपा। वहीं एसीबी महानिदेशक का कार्यभार एडीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव को सौंपा गया है।

राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किया गया है। यूपीएससी बोर्ड की नई दिल्ली में हुई बैठक में अनुमोदन के बाद केन्द्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की ओर आज इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। इनमें 1997 बैच के 13 और 1998 बैच के 3 आरएएस, आईएएस बने हैं।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। श्री नागर आज बारां के दौरे पर रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक कर जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में श्री नागर ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा की भी पर्याप्त उपलब्धता है।

...............

प्रदेश के वन्यजीव अभ्यारण्य कल से तीन माह तक पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। मॉनसून के दौरान पशु–पक्षियों और वन्यजीवों के ब्रीडिंग पीरीयड के कारण अभ्यारण्यों को बंद रखा जाता है। हमारे अलवर संवाददाता ने बताया कि सरिस्का अभ्यारण्य में भी कल से तीन महीनों के लिए लोगों की आवाजाही वर्जित रहेगी।

...............

प्रदेश में स्कूलों का नया सत्र कल से शुरू हो रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि शिक्षा विभाग ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। नया सत्र कल से शुरू होकर अगले साल तीस अप्रैल तक चलेगा।

प्रदेश में कल से स्टॉप डायरिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों में दस्त से होने वाली मृत्यु दर को कम करना और सफाई तथा ओआरएस के उपयोग के बारे में जागरुकता फैलाना है। 15 अगस्त तक चले वाले इस अभियान के दौरान आंगनबाडी केन्द्रों और स्कूलों में ओआरएस और ज़िंक कॉर्नर बनाए जाएंगे। वहीं आशा सहयोगिनियों की ओर से घर–घर जाकर बच्चों को ओआरएस और ज़िंक गोलियों का वितरण किया जाएगा।

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कल से व्यापक बारिश की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में 2 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज 10 जिलों में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें अलवर, भरतपुर, धौलपुर और जयपुर भी शामिल हैं। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अगले चार दिनों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से आंधी–तूफान और तेज बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

...............

चूरू में कल सबसे ज्यादा साढे आठ सेंटीमीटर पानी बरसा। माउंट आबू, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, पिलानी और डबोक सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मॉनसून की सक्रियता के साथ ही किसान खरीफ फसलों की बुवाई में जुटे हुए हैं। जालौर में भी मौसम की पहली बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है।

...............

राज्य के कुल 692 छोटे, मध्यम और बड़े बांधों में से 28 बांध लबालब हो गये हैं। वहीं 367 आंशिक रूप से भरे हैं। जून महीने में हुई बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें, तो एक ही दिन में सबसे ज्यादा 20 सेंटीमीटर बारिश बारां के उम्मेद सागर में हुई।